C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:23 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:16 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 241 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 19 मार्च 2024

शैतान के आगे नहीं चला...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### आज पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश के आसार

**देहरादून।** आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। चटक धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी होने के साथ दिन व रात के तापमान में भी इजाफा होगा। उत्तराखंड में आज मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। पर्वतीय जिलों में आज (मंगलवार) हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। चटक धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी होने के साथ दिन व रात के तापमान में भी इजाफा होगा।

### होली पर हादसा: भीड़ के दबाव में श्रद्धालु की मौत

**मथुरा।** वृंदावन के बांकेबिहारी मंदिर के गेट नंबर एक पर भीड़ के बीच मुंबई के श्रद्धालु की अचानक तबियत बिगड़ गई। वो अचेत होकर गिर पड़ा। पुलिस एंबुलेंस से उसे लेकर जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंची, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। श्रद्धालु मुंबई से 40 लोगों के साथ वृंदावन और आसपास के मंदिरों के दर्शन करने आया था। मुंबई के साईं कोलीवाड़ा निवासी 6 वर्षीय सुनील पिशोरी लाल 40 लोगों के साथ वृंदावन में होली के अवसर पर दर्शन करने आए थे। श्रद्धालुओं का यह दल लोई बाजार स्थित बसंती धर्मशाला में ठहरा है। मंगलवार सुबह अपने साथियों के साथ दर्शन करने के लिए सुनील बांके बिहारी मंदिर दर्शन करने पहुंचे। दर्शन करने के बाद जैसे ही गेट नंबर एक से वे बाहर आए तभी चबूतरे पर अचानक तबीयत खराब हो गई और वह गिर पड़े। मौके पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस से श्रद्धालु को जिला सैनिक चिकित्सालय लेकर पहुंचीस जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ब्रज की होली: बरसाना-नंदगांव के रंगोत्सव में पहुंचे लाखों श्रद्धालु

**मथुरा**

**एजेंसी**

मथुरा में होली को लेकर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन का क्रम जारी है। ऐसे में बरसाना हो या नंदगांव हर ओर वाहनों की कतारें दिख रही हैं। बरसाना-नंदगांव में रंगोत्सव के चलते लाखों श्रद्धालु मथुरा पहुंच रहे हैं।

इसके चलते मथुरा शहर की यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। बड़ी संख्या में बाहरी श्रद्धालुओं के वाहनों की आवाजाही के कारण सोमवार को जिधर देखो, उधर जाम ही जाम दिखाई दिया। ऐसा लगा मानो शहर की रफ्तार ही थम से गई हो।

सोमवार सुबह से ही मथुरा शहर में अचानक ट्रैफिक बढ़ा हुआ दिखा। दरअसल बरसाना आने वाले बाहरी श्रद्धालुओं के वाहनों के कारण कई सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। आर्य समाज रोड, होलीगेट, कोतवाली रोड, भरतपुर गेट, भूतेश्वर, बीएसए कॉलेज रोड, नया बस स्टैंड आदि जगहों पर दिन में ज्यादातर समय जाम रहा।

अलीगढ़-हाथरस के श्रद्धालुओं ने यमुना पार की ओर से कृष्णापुरी और टैंक चौराहा होते हुए शहर के अंदर प्रवेश किया, इनकी आवाजाही का असर होलीगेट, भरतपुर गेट और डीगगेट पर भी दिखाई दिया। यही कारण रहा कि इन प्रमुख मार्गों पर अपेक्षाकृत ज्यादा भीड़ दिखाई दी। जबकि आगरा की ओर से आने वाले श्रद्धालु गोवर्धन चौराहा होते हुए ही बरसाना की ओर गए।



उत्तराखंड भाजपा ने किया तारीखों का ऐलान

## 22 से 27 मार्च तक होंगे प्रत्याशियों के नामांकन

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा ने उत्तराखंड में नामांकन की तारीखों का एलान कर दिया है। हरिद्वार सीट पर 23 मार्च को त्रिवेंद्र सिंह रावत ऑनलाइन नामांकन करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों के नामांकन 22 से 27 मार्च तक होंगे। सभी प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी मौजूद रहेंगे। आज मंगलवार को नामांकन की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। इन कार्यक्रमों में केंद्रीय नेताओ की भी मौजूदगी हो सकती है। हरिद्वार सीट पर 23 मार्च को त्रिवेंद्र सिंह रावत ऑनलाइन नामांकन करेंगे। इसके बाद एक बड़ा कार्यक्रम होगा।

22 मार्च अल्मोड़ा, 23 मार्च हरिद्वार, 27 मार्च नैनीताल, 26 मार्च गढ़वाल, 27 मार्च को टिहरी गढ़वाल में नामांकन करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को लोकसभा चुनाव प्रबंधन की बैठक हुई थी। इस दौरान नामांकन के साथ ही चुनाव प्रचार और बड़े नेताओं की रैलियों को लेकर चर्चा हुई।



बैठक के दौरान चुनाव प्रचार में तेजी लाने के साथ ही हर वर्ग से संपर्क के निर्देश दिए गए। बैठक में तय हुआ कि चुनाव प्रचार में प्रदेश संगठन के साथ ही बूथ और पन्ना स्तर तक समन्वय बनाने और बूथ स्तर पर छोटी छोटी बैठकों का आयोजन किए जाएंगे। धामी सरकार के दो साल पूरे होने, अगले माह छह अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत होने वाली प्रधानमंत्री व अन्य शीर्ष नेताओं की रैलियों के लिए सभी लोकसभाओं से रिपोर्ट मांगी गई है। मंगलवार को यह सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी जाएगी।

## तीन बच्चों की मां व प्रेमी ने गटका जहर प्रेमिका की मौत युवक की हालत नाज़ुक

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्यार में ना कोई जात न कोई धर्म देखा जाता है ऐसा ही मामला प्रकाश माया है जहां दोनों ने ही साथ जी नहीं सकते तो साथ मरने की कसम खाकर मौत को गले लगाने का बीड़ा उठाया प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी और प्रेमिका ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्रेमिका की मौत हो गई तब की प्रेमी की हालत गंभीर बनी हुई है।

बरेली रोड अब्दुल्ला बिल्डिंग निवासी 34 वर्षीय लता पत्नी राकेश गुप्ता का प्रेम प्रसंग इंदिरा नगर निवासी वसीम नमक युवक से 2023 चल रहा था दोनों ने ही पहले से शादीशुदा थे उसके बावजूद दोनों ने साथ जीने मरने की कसम खाई और बीते सोमवार को दोनों प्रेमियों ने विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया।

परिजन दोनों को सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए जहां लता को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया मामले की सूचना पुलिस को दी मां खबर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर जानकारी जुटा कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि महिला के तीन बच्चे हैं उसका पति यहां किराए के मकान में रहता है और रिक्शा चलाने का कार्य करता है वहीं उन्होंने बताया कि वसीम की हालत गंभीर बनी हुई है उन्होंने बताया कि वसीम इंदिरा नगर सबरी मस्जिद के पास रहता है पुलिस ने वसीम उसकी पत्नी फिरदौस तथा एक अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है पुलिस ने लता की शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### पंखे के कुंडे से लटका युवक

**हल्द्वानी।** अज्ञात कानों को चलते एक व्यक्ति ने पंखे के गुंडे से लटक कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली इस घटना से परिजनों में काफी कुरान बचा है आमला राम सिंह मुखानी निवासी 46 वर्षीय गोविंद सिंह जीना पुत्र कुंदन सिंह जीना ने 13 मार्च की शाम को अज्ञात कर्म के चलते अपने कमरे के पंखे के कुंड से लटक कर जान देने की प्रयास किया की देख परिजन उसे उपचार के लिए सूचना तिवारी अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई चिकित्सक ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर, तीन लोगों की मौत

**कन्नौज**

**एजेंसी**

दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। हादसा तेज रफ्तार ट्रक के कार को टक्कर मारने से हुआ है।

कन्नौज जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दरअसल, तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को छिबरामऊ के सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने तीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, सभी



कन्नौज जिले के रहने वाले हैं। फर्रुखाबाद में किसी कार्यक्रम मे शामिल होकर कन्नौज वापस लौट रहे थे। तभी काली नदी के पास हादसा हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है।

## नैनीताल और हरिद्वार के डीएम को अवमानना नोटिस जारी


**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल हाईकोर्ट ने पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए नैनीताल व हरिद्वार के डीएम को अवमानना का नोटिस जारी किया। साथ ही चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

नैनीताल हाईकोर्ट ने पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए नैनीताल व हरिद्वार के जिलाधिकारियों को अवमानना का नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में हुई।

मामले के अनुसार चोरगलिया हल्द्वानी निवासी भुवन चंद्र पोखरिया ने अवमानना याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखंड में बरसात के समय



नदियां उफान में रहती है। नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण बाढ़ व भूकटाव होता है।

जिसके चलते आबादी क्षेत्र मे जलभराव होता है। नदियों के उफान पर होने के कारण हजारों हैक्टेयर वन भूमि, पेड़, सरकारी योजनाएं बह जाती हैं। नदियों का चैनलाइजेशन नही होने पर नदियां अपना रुख आबादी की तरफ कर कर देती हैं। जिसकी वजह से उधमसिंह नगर, हरिद्वार, हल्द्वानी, रामनगर, रुड़की व देहरादून में बाढ़ की स्थिति पैदा होती है।

कहा गया कि पिछले साल बाढ़ में कई पुल बह गए थे। आबादी क्षेत्रों में बाढ़ आने का मुख्य कारण सरकार की लापरवाही है। सरकार ने नदियों के मुहानों पर जमा गाद, बोल्डर व मलबा नहीं हटवाया। अवमानना याचिका में कहा गया कि सरकार ने उच्च न्यायालय के 14 फरवरी 2023 के आदेश का पालन नहीं किया गया। जिसकी वजह से प्रदेश में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हुई और सरकार को एक हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार संबंधित विभागों को साथ लेकर नदियों से गाद, मलबा व बोल्डर हटाकर उन्हें चैनलाइजेशन करे ताकि बरसात में नदियों का पानी

बिना रूकावट के बह सके। लेकिन अभी तक सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया, जबकि कुछ माह बाद बरसात का सीजन शुरू हो जाएगा। अवमानना याचिका में नैनीताल व हरिद्वार के वर्तमान जिलाधिकारियों को पक्षकार बनाया गया है। पोखरिया ने अपने केश की पैरवी स्वयं की।

# कुमाऊं विवि में समीक्षा एवं मार्गदर्शन संबंधी कार्यक्रम का शुभारंभ

नैनीताल
हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग केंद्र के देवदार सभागार में सोमवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की सदस्य सचिव आईआरएस सुश्री केसंग वाई शेरपा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम(आईटीईपी) के समेकित मूल्यांकन तथा समीक्षा एवं मार्गदर्शन संबंधी कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

दीप प्रज्वलन के पश्चात आयोजकों द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के प्रतिनिधिमंडल के समस्त सम्मानित सदस्यों का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत एवं बैज अलकरण से अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के प्रतिनिधिमंडल एवं अन्य आगंतुकों के स्वागत हेतु विभाग के छात्र.छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई जिन्हें सभागार में उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा सराहा गया। छात्र.छात्राओं द्वारा कुमाऊं की लोक संस्कृति से संबंधित आकर्षक लोग नृत्य एवं गीतों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। इसके पश्चात कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. अतुल जोशी द्वारा आयोजन की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह कार्यक्रम कुमाऊं विश्वविद्यालय में शिक्षा संकाय के लिए एक मील का पत्थर है क्योंकि यह कार्यक्रम उसे ऐसे समय में प्राप्त हुआ है जब कुमाऊं विश्वविद्यालय के विभाजन के परिणामस्वरूप एसएसजे विश्वविद्यालय के पृथक रूप में अस्तित्व में आने से कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षा संकाय विहीन हो गया था। इस हेतु उन्होंने उत्तराखंड शासन व कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रशासन एवं एनसीटीई का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही सुश्री केसांग वाई शेरपा ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड राज्य के लिए यह गौरव का विषय है कि एनसीटीई के द्वारा पायलट मोड में चलाई जा रहे एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रीपेटरी मोड के तहत 85 छात्र-छात्राओं ने बीएससी/बीएड/ एबीकॉम/बीएड तथा बीए/बीएड में प्रवेश लिया हैए जिससे स्पष्ट है कि पर्वतीय राज्य उत्तराखंड के छात्र/छात्राओं में इस महत्वाकांक्षी प्रोग्राम में प्रवेश लेने के प्रति अत्यधिक उत्साह है। उन्होंने यह भी कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय में संचालित हो रहा यह कार्यक्रम देश के स्तर पर एक उदाहरण बनेगा।

प्रतिनिधिमंडल में विषय विशेषज्ञ के रूप में सम्मिलित प्रो आर.सी. पटेल जो आईटीईपी कार्यक्रम के कोर ग्रुप के सदस्य भी रहे हैं के द्वारा अपने सम्बोधन में पूरे देश में पायलट मोड में संचालित हो रहे एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की संरचना व उद्देश्य एवं भविष्य पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा की कुमाऊं विश्वविद्यालय में संचालित हो रहे इस कार्यक्रम में अध्यनरत छात्र छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं तथा पठन-पाठन के साथ.साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन किया जा रहा है जो की इस कार्यक्रम की मूल आत्मा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डीएस रावत ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि 1 वर्ष के अंदर आईटीईपी के अवसंरचना विकास के लिए प्रस्तावित भीमताल परिसर में भवन का निर्माण करवा लिया जाएगा इसके लिए मेरू योजना के तहत भारत सरकार से 8 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में आईटीईपी के छात्र.छात्राओं द्वारा निर्मित स्मृति चिन्हों को विश्वविद्यालय के अन्य कार्यक्रमों में भी उपयोग में लाया जाएगा जिससे छात्र.छात्राओं में कौशल विकास के साथ ही नए अवसर भी पैदा होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने विभाग का दौरा भी किया एवं छात्र.छात्राओं से उनके विचार जाने तथा उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया।

प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के अकादमिक सलाहकार डा. डी. के. चतुर्वेदी, समन्वयक एनएमएम एंड आईटीईपी अभिमन्यु यादव, एस ओ(एनसीटीई) जोजियाना लकरा, अनिल कुमार एसओएनआरसी, सिद्धार्थ एसओ अकादमिक, दुर्गेश शर्मा तकनीकी सहायक सम्मिलित थे।



## फिर से मोदी सरकार लाने को लेकर बैठक आयोजित

नैनीताल
हमारे संवाददाता

लोक सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की शक्ति केंद्र कृष्णापुर की बैठक में मुख्य वक्ता प्रकाश आर्या ने बूथ अध्यक्षों को अपनी 11 सदस्यों की टीम के साथ पन्ना प्रमुखों से संपर्क कर घर घर जाकर पीएम मोदी की योजनाओं से अवगत करवाकर फिर से मोदी सरकार लाने को लेकर बैठक में मार्गदर्शन किया गया।

बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक दया किशन पोखरिया, शक्तिकेंद्र प्रभारी संतोष कुमार समेत विमला आधिकारी, के एल आर्य, कविता गंगोला, दिपिका बिनवाल, डा भुवन चंद्र आर्य, रेनू पंत, सरोज आर्या, ममता तिवारी, गीता बवाडी, रूपा आर्या, रितुल कुमार, सलमान जाफ री, विक्की राठौर, ज्योति गोस्वामी, राधा खोलिया, सरोज आर्या, ईश्वरी जोशी, रजनी तिवारी, कुणाल पवार तथा रजनी तिवारी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में शक्ति केंद्र सौड़ के चार बूथों की बैठक राम सिंह के आवास में हुई जिसमें शक्ति केंद्र संयोजक यशपाल सिंह महरोड़ा समेत मुख्य वक्ता मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, लाल सिंह बिष्ट मंडल उपाध्यक्ष, अरविंद पडियार विधानसभा सह संयोजक बूथ अध्यक्ष गिरीश चंद्र त्रिपाठी मल्ला बगड़ बूथ अध्यक्ष राम सिंह , सौड बूथ अध्यक्ष खीम सिंह, धुगधु सीडी बूथ अध्यक्ष नीरज कुमार आदि कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर में मतदान जागरूकता रैली निकाली

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी मे उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज के एनएसएस शिविर में स्वयंसेवियों के द्वारा मतदान जागरूकता विषय पर एक रैली निकाली गई।

इस दौरान शिविरार्थियों ने लोगों को मतदान के लिए जागरूकता के विषय में बताते हुए पूर्ण व स्पष्ट मतदान करने के लिए जागृत किया। बौद्धिक सत्र के अंतर्गत डीएसबी परिसर की भौतिक विज्ञान विषय की शोधार्थी पूजा ने स्वयंसेवियों को कैरियर के संबंध में जानकारी दी ।

उन्होंने बताया कि आज के समय में विद्यार्थियों के पास कैरियर के अनेक विकल्प हैं,बच्चे अपनी रुचि व योग्यता के अनुसार उन कैरियर का चुनाव कर सकते हैं। सायंकाल छात्रों ने विविध खेल प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया ।अंत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया।



## NEWS / फटाफट

### अल्मोड़ा में 31 हिस्ट्रीशीटरों की खोजबीन शुरु

**अल्मोड़ा।** लोकसभा चुनाव में हिस्ट्रीशीटरों के माहौल बिगाड़ने की आशंका के चलते पुलिस ने इनकी खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक जिले में 31 हिस्ट्रीशीटर हैं। अगर ये संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त मिले तो चुनाव के दौरान उन्हें जिलाबदर किया जाएगा। सबसे अधिक 16 हिस्ट्रीशीटर नगर क्षेत्र में मौजूद हैं। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा कि आचार संहिता लागू होते ही हिस्ट्रीशीटरों की शिनाख्त परेड शुरू हो गई है। सोमवार को कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने क्षेत्र के तीन हिस्ट्रीशीटर की परेड कराई।

### युवाओं ने जानीं चाय उत्पादन की बारीकियां

**अल्मोड़ा।** राजकीय महाविद्यालय गुरुड़ाबांज में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत प्रशिक्षुओं ने गुरुड़ाबांज स्थित चाय बागान और दोड़म स्थित धूप, मसाला उत्पादन यूनिट का भ्रमण किया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने चाय उत्पादन, पैकेजिंग, विपणन की प्रक्रिया को जाना। दोड़म में उद्यमी घनश्याम पांडे और मनोज पाठक ने प्रशिक्षुओं को मसालों की ग्रेडिंग, निर्माण, पैकेजिंग की जानकारी दी। यहां डॉ. दीपाली कनवाल, रोशनी, उमेश, चंदन, पिंकी, नेहा, रेखा, गौरव, भूपेश, हर्षित आदि मौजूद रहे।

### स्याल्दे डाकघर में 15 दिन रहा काम ठप

**अल्मोड़ा।** स्याल्दे डाकघर में 15 दिन से काम ठप है। इससे क्षेत्र के 20 हजार उपभोक्ता परेशान हैं। लोगों को कारोबारी सीजन में नकदी का संकट झेलना पड़ रहा है। चार मार्च को बिजली गिरने से डाकघर में स्थापित मशीनरी फुंक गई थी, जिसे अब तक ठीक नहीं किया जा सका। विभाग की इस लापरवाही से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डाक विभाग के खिलाफ लोगों में नाराजगी है।

### सीबीएसई की उत्तर पुस्तिकाएं नहीं पहुंच रहीं देहरादून

**अल्मोड़ा।** स्याल्दे विकासखंड में सीबीएसई से संचालित दो विद्यालयों में परीक्षा चल रही है। रजिस्ट्री के माध्यम से हर रोज उत्तर पुस्तिकाओं को देहरादून भेजना होता है। डाकघर में कामकाज ठप होने से शिक्षा विभाग उत्तर पुस्तिकाओं को नहीं भेज पा रहा है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## ग्राफिक एरा में माटी हमारी थात कार्यक्रम का आयोजन

भीमताल
हमारे संवाददाता




ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा सोमवार को धूमधाम से मनाया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम। कार्यक्रम में माटी हमारी थात का आयोजन को किया गया, जिसमें उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया, जिसमें कुमाऊं और गढ़वाल के पारंपरिक कला रूपों और प्रदर्शनों को प्रदर्शित किया गया।

इस दौरान कुमाऊंनी नृत्य के जीवंत प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा का समावेषण था, जो उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक जीवंतता का सार दर्शाती है। विश्वविद्यालय के छात्र ललित कैड़ा ने उत्तराखण्ड के परिदृश्य और संस्कृति के लोकाचार और सुंदरता को दर्शाते हुए एक मार्मिक कविता सुनाई।


वहीं पारंपरिक कुमाऊंनी बैठकी होली ने इस आयोजन करते हुए प्रतिभागी खुशी से गायन और रंगों के साथ खेलने की सदियों पुरानी परंपरा में शामिल हुए। एक मनोरम गढ़वाली नृत्य प्रदर्शन ने उत्तराखण्ड के लोक नृत्य रूपों में निहित अनुग्रह और लालित्य को प्रदर्शित किया ।

शिवम ने अपने उत्तराखण्डी रैप के साथ एक आधुनिक मोड़ दिया, समकालीन बीट्स के साथ पारंपरिक तत्वों का मिश्रण पेश किया। कुमाऊंनी संस्कृति और विरासत केंद्र के छात्रों द्वारा उत्तराखण्ड में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों की एक झलक पेश की। माटी हमारी थात उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक संस्कृति के संरक्षण के महत्व की पुष्टि करते हुए उपस्थित लोगों के बीच गर्व और अपनेपन की भावना को बढ़ावा दिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन प्रो. कमल घनशाला ने छात्रों के कार्यक्रम के उत्साहवर्धन के लिए 1 लाख रूपये की धनराशि पुरस्कृत की गई ।

## विश्वकुलम के बृजेश कार्तिक व हर्षित का सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में प्रवेश

नैनीताल
हमारे संवाददाता







विश्वकुलम दि ग्लोबल स्कूल मेहरागांव, भीमताल के तीन विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवेश पा लिया है। प्रवेश पाने वाले छात्रों में बृजेश जोशी, कार्तिक चंद्रा व हर्षित मेहरा के नाम शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधक दिनेश चंद्र पांडे ने बताया कि तीनों छात्रों समेत विद्यालय के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। पूर्व में भी कई छात्र सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में प्रवेश पाने में सफल हुए हैं, जबकि देश के कई अन्य विद्यालयों में भी इस विद्यालय के छात्र प्रवेश पाकर अपना भविष्य संवार रहे हैं। विश्वकुलम विद्यालय की यह उपलब्धि पिछले कुछ वर्षों की है। कुछ वर्ष पूर्व ही विद्यालय की स्थापना की और बच्चों का भविष्य संवारने का जो बीड़ा उठाया था, उसमें अभी तक सफल रहा है।

प्रबंधक दिनेश चंद्र पांडे ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में हर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिसके चलते विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने विद्यालय की प्रगति का श्रेय शिक्षकों को दिया है। इधर बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों ने शुभकामना व्यक्त की है।

# अभिमत

## बड़ी लकीर खींचो

***दलगत राजनीति से हटकर सोचने पर एक ही बात सामने आती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा बड़ी लकीर खींचने में विश्वास रखते हैं, दूसरे की लाइन को मिटाने में अपनी ऊर्जा नष्ट नहीं करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सफलता का मुख्य कारण भविष्य की सोच है। जब लोग वर्तमान में भूतकाल की बातों में उलझे होते हैं, तब मोदी भविष्य की योजनाओं को मूर्तरूप देने का एजेंडा तैयार कर लेते हैं। लोकसभा चुनाव में उतरने से पहले मंत्रियों के साथ बैठक में अगले पांच वर्षों की विस्तृत कार्ययोजना पर विचार करके प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार का गठन होने के बाद सौ दिन के एजेंडे पर काम किया जायेगा। एजेंडे में विकसित भारत का स्पष्ट खाका होगा।***

राजनीतिशास्त्र के विद्वान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में अलग-अलग विचार प्रकट करते रहे हैं। विपक्षी पार्टियों के नेताओं में आरोप लगाने की होड़ लगी रहती है। राजनीतिक विश्लेषकों के बीच मतभेद शायद नहीं है। दलगत राजनीति से हटकर सोचने पर एक ही बात सामने आती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा बड़ी लकीर खींचने में विश्वास रखते हैं, दूसरे की लाइन को मिटाने में अपनी ऊर्जा नष्ट नहीं करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सफलता का मुख्य कारण भविष्य की सोच है। जब लोग वर्तमान में भूतकाल की बातों में उलझे होते हैं, तब मोदी भविष्य की योजनाओं को मूर्तरूप देने का एजेंडा तैयार कर लेते हैं। लोकसभा चुनाव में उतरने से पहले मंत्रियों के साथ बैठक में अगले पांच वर्षों की विस्तृत कार्ययोजना पर विचार करके प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार का गठन होने के बाद सौ दिन के एजेंडे पर काम किया जायेगा। एजेंडे में विकसित भारत का स्पष्ट खाका होगा। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने यह उल्लेख नहीं किया कि चुनाव कैसे जीता जायेगा और क्या रणनीति होगी? सीधे-सीधे यह कह दिया के नई सरकार का गठन होने पर क्या किया जायेगा? प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह आश्वस्त हैं कि चुनाव मात्र औपचारिकता है, अगली सरकार भाजपा की बनेगी, इसी लिए मंत्रियों से बोले- 'जीतकर आएं, जल्द मिलेंगे' प्रधानमंत्री मोदी को जनहित में किये गये कार्यों की वजह से जनता पर पूरा भरोसा है। मतदाता का आशीर्वाद उन्हें मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी कभी अतिआत्मविश्वास अर्थात ओवर कॉन्फिडेंस में नहीं रहते हैं। आर्थिक विकास, जीवनयापन, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण क्षेत्र में कार्य होने पर विकसित भारत बन सकेगा, इस दिशा में पिछले दस साल से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कार्य किया गया है। पूरे देश में बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए हाई-वे, एक्सप्रेस-वे निर्मित किये जा रहे हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है, नये एम्स स्थापित किये गये हैं। चिकित्सा का ढांचा मजबूत होने के कारण ही वैश्विक महामारी कोरोना का मुकाबला किया जा सका। वैज्ञानिकों को शोध की सुविधा उपलब्ध कराने से कोरोना की वैक्सीन का बहुत ही कम समय में अनुसंधान किया गया। अंतरिक्ष में चंद्रयान और गगनयान की उपलब्धि का गौरव प्राप्त हुआ है। 'विकसित भारत' सिर्फ शिगूफा नहीं है। शिक्षाविदों, औद्योगिक विशेषज्ञों, अर्थशास्त्रियों और वैज्ञानिक संगठनों के साथ विमर्श के बाद भारत को विकासशील देशों की श्रेणी से विकसित राष्ट्र का सम्मान देने की दूरगामी योजना तैयार की गई है। विपक्षी गठबंधन की पार्टियां सीटों के तालमेल में जब उलझी थीं, तो भाजपा ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा शुरू कर दी थी। चुनाव की तिथि घोषित होने से पहले ही विपक्ष पिछड़ गया।

# 28वां फागोत्सव 2024 के दूसरे दिन महिला होली

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित 28वां फागोत्सव 2024 के अंतर्गत सोमवार को दूसरे दिन महिला होली दलों द्वारा कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम एवं अधिशासी अधिकारी आईएएस राहुल आनंद, संस्था के अध्यक्ष मनोज शाह, समाजसेवी डा. सरस्वती खेतवाल,मंजू तिवाड़ी तथा खष्टी बिष्ट द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलन कर फ ागोत्सव कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि राहुल आनंद ने संस्था द्वारा एवं महिला होली दलों द्वारा संस्कृति के संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

उद्घाटन से पूर्व महिला होली दलों द्वारा स्वांग एवं जुलूस धर्मशाला तल्लीताल से प्रारम्भ होकर मल्लीताल रामसेवक सभा प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इसके बाद जीवन वर्षा कला संगम समिति बेतालघाट, मां का आशीर्वाद, जय ईस्ट होली ग्रुप जज फ ार्म हल्द्वानी, मधुबन महिला होली टीम हल्द्वानी, गौड़ धरा महिला सेवा समिति हल्द्वानी, जीवन वर्षा कला समिति गरमपानी, प्रगति महिला होली दल लालडांट हल्द्वानी, पर्वतीय सांस्कृतिक कला मंच हल्द्वानी, मां नंदा सुनंदा होली समिति भवाली, ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस भवाली, महिला होली दल कृष्णापुर के होली दलों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम के उपरांत श्री राम सेवक सभा के पदाधिकारियों द्वारा सभी महिला होली दलों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने बताया कि सोमवार को 11 महिला होली दलों ने अपनी प्रस्तुतियां दी हैं मंगलवार (आज) अपराह्न 1 बजे से 13 अन्य महिला होली दलों की प्रस्तुतियां होंगी। संचालन मुकेश जोशी एवं मीनाक्षी कीर्ति ने किया। इस दौरान सभा के संरक्षक गिरीश जोशी, प्रबंधक विमल चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, अशोक साह, राजेंद्र साह, घनश्याम साह, मुकुल जोशी,भीम सिंह कार्की, हरीश राणा, आशू बोरा, मोहित साह, आनन्द बिष्ट, मिथिलेश पांडे, हिमांशु जोशी, दीपक साह, गोधन बिष्ट, संतोष पांडे, गिरीश भट्ट, प्रदीप जेठी, हीरा रावत, दिनेश भट्ट, प्रीति डंगवाल, तारा राणा, सुमन साह, भारती साह, जीवंती भट्ट, ज्योति ढौंडियाल, अमिता साह, मीनू बुधलाकोटी, सीमा साह तथा डा. प्रगति जैन आदि महिला होली कलाकार उपस्थित रहे।

## अराजकता फैलाने पर 34 का चालान

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा कि इवनिंग स्टॉर्म अभियान के तहत अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बताया कि अभियान के तहत अराजकता फैलाने वाले 34 लोगों का चालान किया है। वहीं, यातायात नियमों के उल्लंघन में 91 वाहन चालकों का चालान और दो वाहन सीज हुए हैं। कहा कि अर्द्धसैनिक बलों के साथ मिलकर वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

### संबंध विच्छेद

मैं अपने बड़े पुत्र कलीम अहमद उसकी पत्नी व बच्चों को उनके बुरे बर्ताव व आचरण ठीक न होने के कारण उनसे संबंध विच्छेद कर रहा हूं, जिन्हें मैंने अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे हमारा कोई संबंध नहीं रहेगा, वह अपने किसी भी कृत्य व रुपए-पैंसों के लेनदेन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**- लईक अहमद, पुत्र खलील अहमद, निवासी- ला0नं.-7 म0नं.511, वार्ड नं.23, बनभूलपुरा, आजाद नगर, हल्द्वानी (नैनीताल)**

# कुमाऊं विवि में दो दिवसीय कार्यशाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सोमवार से स्पोर्ट्स इंजरी मैनेजमेंट एंड रिहैबिलिटेशन विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हर्मिटेज भवन में कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में हुआ।



इस मौके पर कुलपति प्रो.रावत ने विद्यार्थियों को खेलों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर पदक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया व खेल चोटों तथा पुनर्वास हेतु ज्ञान अर्जित करने को कहा। इससे पूर्व सर्वप्रथम विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार द्वारा सभी का स्वागत व अभिनंदन किया गया ।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रमनदीप कौर (डायरेक्टर इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजियोथेरेपी एंड हेल्थ केयर दिल्ली) द्वारा खेलों से सम्बंधित होने वाली चोट तथा पुनर्वास पर विस्तार से चर्चा की तथा प्राथमिक उपचार के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरणों का प्रदर्शन कर विस्तार से बताया ।

इस अवसर पर ओलंपियन मनीष रावत तथा अंतरराष्ट्रीय धावक सुरेश पाण्डेय के द्वारा सभी को प्रेरणादायी सम्बोधन दिया तथा विश्वविद्यालय इस तरह की महत्त्वपूर्ण कार्यशाला उत्तराखंड में प्रथम बार आयोजन करने के लिए विभाग को बधायी दी तथा खिलाडियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मंच का संचालन राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित गुरुजन हेमंत बिष्ट के द्वारा किया गया। कुल सचिव दिनेश चंद्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र सिंह राणा ने अपने विचार व्यक्त किये जबकि कीड़ाधिकारी डॉ. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. जोसेफ सिंह विभागाध्यक्ष स्पोर्ट्स बायोमैकेनिक्स लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर मध्य प्रदेश, डॉ. रितेश शाह असिस्टेंट रजिस्ट्रार डिमरी, प्रोफ़ेसर एच सी एस बिष्ट, डॉक्टर विजय कुमार डॉक्टर सीमा चौहान डॉक्टर हरदेष शर्मा,अपूर्व बिष्ट, सुनील कुमार, अनीता रावत व शुभम विश्वकर्मा, ललित आदि प्रतिभागी व विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

# फिल्मी दुनिया

## शैतान के आगे नहीं चला सिद्धार्थ की योद्धा का जादू






*इन दिनों सिनेमाघरों में एक के बाद एक कई फिल्में रिलीज हो रही हैं। ये सभी फिल्में दर्शकों का दिल जीतने की पूरी कोशिश कर रही हैं। ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देने में लगी हुई है। हाल ही में सिनेमाघरों में योद्धा और बस्तर द नक्सल स्टोरी इन दो फिल्मों ने दस्तक दी है। वहीं, अजय देवगन-आर माधवन स्टारर शैतान और यामी गौतम की आर्टिकल 370 पहले से ही दर्शकों का मनोरंजन करा रही हैं। इन सभी फिल्मों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी स्टारर योद्धा ने 15 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दी। सागर आंब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। घरेलू बॉक्स ऑफिस के टिकट विंडो पर इस बहुप्रतीक्षित फिल्म ने 4.10 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली थी। इसके बाद फिल्म की कमाई में उछाल देखने को मिला। रविवार यानी तीसर दिन फिल्म ने सात करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरवाट देखने को मिला। योद्धा ने चौथे दिन 2.15 करोड़ रुपये की कमाई की, जिससे इसका कुल कलेक्शन 19.00 करोड़ रुपये हो गया है।*

### बस्तर द नक्सल स्टोरी

*सुदीप्तो सेन के निर्देशन में बनी बहुचर्चित फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी भी रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म ने योद्धा के साथ यानी 15 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दी। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म में अदा शर्मा और इंदिरा तिवारी मुख्य भूमिका में हैं। इस मूवी ने टिकट विंडो पर 40 लाख रुपये की ओपनिंग ली। %बस्तर द नक्सल स्टोरी रविवार को 90 लाख का कारोबार किया। फिल्म ने रिलीज के तीसरे दिन 24 लाख रुपये की कमाई की।*

# पोस्टर स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी की नमामि गंगे इकाई द्वारा स्वच्छता विषय पर पोस्टर स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 शशि पुरोहित की अध्यक्षता में मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत उन्होंने छात्राओं से इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करने का आवाहन किया। आयोजक सचिव एवं नमामि गंगे समिति के संयोजक डॉ0 रितुराज पंत ने बताया कि स्वच्छता विषय पर पोस्टर स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं के अंतर्गत स्वच्छता के संदर्भ में अपने विचार प्रकट करते हुए इसकी प्रासंगिकता पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करवाना है। पोस्टर प्रतियोगिता में बरखा मेहता ने प्रथम, ललिता ने द्वितीय तथा अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्लोगन में गार्गी पाण्डे ने प्रथम, भूमिका रौतेला ने द्वितीय तथा गरीमा पंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबन्ध में निकिता पोखरिया ने प्रथम, नीतू डंगवाल ने द्वितीय तथा हर्षिता गुर्रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में हिंदी विभाग की प्रभारी डॉ0 नीता शाह, डॉ0 हिमानी, डॉ0 अंजु पालीवाल तथा डॉ0 प्रतिभा रावल रहे। इस अवसर पर डॉ0 गीता पंत , डॉ0 ललिता जोशी, डॉ0 रेखा जोशी आदि उपस्थित रहे।



News कॉर्नर

## महिलाओं ने बैठकी होली में बिखेरे गीत-संगीत के रंग



**रुद्रपुर।** रुद्रपुर में शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) की ओर से आयोजित होली महोत्सव के दूसरे दिन महिलाओं की बैठकी होली का आयोजन किया गया। महिलाओं ने होली गीतों से रंग जमाया और होली उल्लास में महिलाओं ने झोड़ा गाकर पारंपरिक नृत्य भी किया। साथ ही ओमेक्स सोसायटी में भी बैठकी होली का आयोजन किया गया। गंगापुर रोड स्थित शैल भवन में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पा जोशी, दुर्गा शाह, सुधा पटवाल, मालती कांडपाल एवं मोहिनी बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सुनीता पांडे ने जाओगे बांके बिहारी होली होगी हमारी तुम्हारी....गाया। इसके बाद लीला दनाई ने राधा भेज रही पाती छुप-छुप बैठी कुंजन में, किरन बोरा ने चर्चित होली गीत मेरो रंगीलो देवर घर ओरेछे गाकर समां बांध दिया। रेनू जोशी ने मैंने रंग ली आज चुनरिया, नीलम कांडपाल ने मुझे मिल गया नंद का लाल और चंदा बम ने होली खेलन आए कैलाशपति गाकर होली बैठक की रंगत बढ़ा दी। इस दौरान महिलाओं ने गीतों पर नृत्य भी किया। अरे जा रे हट नटखट गीत में विनीता पांडे और गीता बिष्ट ने शानदार नृत्य की प्रस्तुती दी। इसके बाद महिलाओं ने झोड़ा गाते हुए नृत्य किया। वहां पर समारोह में परिषद अध्यक्ष गोपाल पटवाल, महामंत्री एडवोकेट दिवाकर पांडे, डीके दनाई, देवेंद्र मेहरा, दीपा जोशी, किरन जोशी, सरिता उपाध्याय, हंसी मिश्रा, प्रेमा पांडे, नलिनी पांडे, कमला भट्ट, निधि पांडे, आशा लोहनी मौजूद रहे।

# आवारा जानवरों से निजात दिलाने को नगर निगम पहुंचे लोग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के पॉश इलाके में आवारा जानवरों से निजात दिलाने की मांग को लेकर लोग नगर निगम पहुंचे और सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति जज फार्म के अध्यक्ष विशंभर कांडपाल के नेतृत्व में समिति पदाधिकारी मंगलवार को नगर निगम पहुंचे और नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट को सौंपा। उनका कहना था कि पिछले लंबे समय से जज फार्म के वार्ड-52 व 53 के क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। अब तक कुत्ते तमाम बच्चों व बुर्जुगों को काट चुके हैं, ऐसे लोगों का बेस अस्पताल में उपचार व टीकाकरण कराया गया है। इसके अलावा जज फार्म की कालोनियों में गौवंशीय पशुओं विशेषकर सांडों ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। संकरी गलियों में इनकी मौजूदगी लोगों की आवाजाही को रोक रही है। बाद में उन्होंने वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज कांडपाल को भी ज्ञापन सौंपा। इस पर डॉ.कांडपाल ने अपने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि जज फार्म में आवारा कुत्तों का टीकाकरण करें और आवारा जानवरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाएं। ज्ञापन सौंपने वालों में समिति सचिव हेम चंद्र जोशी, पूर्व उपाध्यक्ष पीसी पंत, हेम अवस्थी, संदीप बिनवाल, गौरव नेगी, नीरज रावत आदि शामिल थे।



### जज फार्म में दुरुस्त करो सफाई व पथ प्रकाश व्यवस्था

विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति जज फार्म के अध्यक्ष विशंभर कांडपाल की ओर से नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें कहा गया है कि जज फार्म के वार्ड-52 व 53 में पिछले एक महीने से करीब 20 स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। इसके कारण रात के समय जहां लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आपराधिक गतिविधियों को ाी बढ़ावा मिल रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी निगम प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि जज फार्म क्षेत्र में नये पोल भी लगाये गये हैं, इनमें भी स्ट्रीट लाइटें नहीं लग पाई हैं। उन्होंने सफाई कर्मियों के नियमित ड्यूटी पर न आने की शिकायत की है। बताया कि 15-20 दिन में एक बाद ही सफाई की जा रही है। उन्होंने जनहित में समस्याओं का निराकरण कर राहत दिलाने की मांग की है।

**मांग**

- **विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति जज फार्म ने सहायक नगर आयुक्त व नगर स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा**

# परिवहन निगम के मार्गों पर परमिट जारी करने से रोडवेज कर्मियों में रोष

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के शाखा काठगोदाम की मासिक बैठक यूनियन के कार्यालय काठगोदाम डिपो में संपन्न हुई। बैठक के उपरांत कर्मचारियों ने डिपो परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन किया। यूनियन द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिये बैठक का आयोजन किया गया। उसके बाद डिपो परिसर में निगम प्रबंधन के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। बीते दिनों शासन की और प्रदेश के विभिन्न लाभ के मार्गों में परमिट के लिये आवेदन माँगे गये है जिसमे शीघ्र ये मार्ग आवंटन किये जाने है, यूनियन द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा, साथ ही विभाग में 2006 से विशेष श्रेणी/संविदा के चालक-परिचालक-कार्यशाला कर्मचारी का नियमितीकरण किया जाय, पहाड़ के पूर्व से बंद मार्गो में बस सेवा फिर से बहाल की जाय, काठगोदाम डिपो का संचालन पूरी तरह से हल्द्वानी बस स्टेशन की जगह काठगोदाम डिपो से किया जाये, समय संचालन कक्ष में हो रहे भेदभाव को दूर किया जाय,कर्मचारियों के पुराने देयकों का भुगतान किया जाय,जिन कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड, ईएसआई कार्ड नहीं बने है शीघ्र बनाये जाय,। इस दौरान यूनियन के काठगोदाम शाखा मंत्री कमल धामा कार्यालय सहायक द्वितीय के दिल्ली स्थान्तरण होने पर उन्हें यादगार विदाई दी गई और उनके कार्यकाल की सराहना की गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, क्षेत्रीय अध्यक्ष दयाल जोशी, डिपो अध्यक्ष मनोज भट्ट,प्रदीप शर्मा,आनंद बिष्ट,शशिकांत गौतम, कैलाश कांडपाल, वाईपी का टे, संदीप बिष्ट, कमल बिष्ट, अब्दुल हई, सूरज बाबू,बी सी भट्ट, राजवीर सिंह, जीवन आर्या,गर्वित तिवारी, सुशील सिंह, बिशन राम, हरपाल सिंह, नीरज मेहता आदि मौजूद थे।



# कांग्रेस कर सकती है आज हरिद्वार व नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा की तीन सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा तो कर दी है पर अभी हरिद्वार और नैनीताल लोकसभा सीट पर सस्पेंस की स्थिति बनी हुई है। माना जा रहा है की यह दोनों हॉट सीट साबित होगी कांग्रेस पार्टी हरिद्वार, नैनीताल, लोकसभा प्रत्याशियों की आज घोषणा कर सकती है। दोनों सीटों पर प्रत्याशी को लेकर खींचतान चल रही है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के बाद सोमवार को राहुल गांधी दिल्ली लौट आए है। दोनों सीट पर प्रत्याशी के नाम का एलान हो सकता है।

हरिद्वार सीट से पूर्व सीएम हरीश रावत अपने पुत्र वीरेंद्र रावत के लिए टिकट मांग रहे हैं। जबकि प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा भी यहां से चुनाव लड़ने के इच्छुक है। हालांकि चर्चा है कि हरिद्वार से निर्दलीय विधायक टिकट की लाइन में है। नैनीताल सीट से कई दावेदार है। इनमें यशपाल आर्य, भुवन कापड़ी, महेंद्र पाल, रणजीत रावत, प्रकाश जोशी के नाम की चर्चा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि जल्द ही पार्टी दोनों सीटों पर प्रत्याशी घोषित करेगी। सूत्रों की माने तो नैनीताल सीट पर यशपाल आर्य सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं यदि अगर कांग्रेस पार्टी यशपाल आर्य को लोकसभा का प्रत्याशी बनती है तो कहीं हद तक नैनीताल उधम सिंह नगर की सीट कांग्रेस की झोली में जा सकती है क्योंकि यशपाल आर्य मुक्तेश्वर, खटीमा बाजपुर सहित सभी जगह पर अपना परचम लहरा चुके हैं और वह जमीन से जुड़े नेता माने जाते हैं महेंद्र पाल भी नैनीताल से दो बार सांसद रह चुके हैं। वही बात करें हरिद्वार सीट की वहां भी हरीश रावत का दबदबा अधिक दिखाई देता है ऐसे में हरीश रावत अगर चुनाव नहीं लड़ते हैं तो उनके किसी करीबी को टिकट दिया जाता है तो वह सीट भी कांग्रेस की झोली में आ सकती है।

# भाजपा कार्यकर्ताओ के बल और परिश्रम से जीतता है चुनावःभावना



भीमताल

हमारे संवाददाता

भाजपा पदाधिकारियों की एक बैठक सोमवार को आयोजित हुई यहां शक्ति केंद्र बैठक को संबोधित करते हुवे महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम का ही परिणाम है कि उत्तराखण्ड विधानसभा चुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी मिली है।

अब लोकसभा चुनाव में 400 पार के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है कहा की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व पार्टी प्रत्याशी व सांसद अजय भट्ट ने लोकसभा क्षेत्र में अनेको विकास कार्यो के साथ ही रुके हुवे कार्यो को गति दी है जिसमे मुख्यतः 2584 करोड़ की लागत से बनने जा रहा जमरानी बांध रानीबाग से नैनीताल तक 1600 करोड़ की लागत से बनने जा रहे रोप-वे,सहित किच्छा की 100 एकड़ भूमि में 700 करोड़ की लागत से बन रहे सेटेलाइट एम्स, 11 करोड़ से हल्द्वानी में जल्द बनने जा रहे कैथ लैब,भीमताल में 24 करोड़ की लागत से बनने जा रहे केंद्रीय विद्यालय सहित काठगोदाम नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण हल्द्वानी में आयुर्वेदिक अस्पताल सहित अनेको ऐसे कार्य है जो जल्द अस्तित्व में होंगे कहा कि सांसद ने कोविड के दौरान अपनी सारी निधि कोविड कार्यो व ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के लिये दी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर रही है इस दौरान दौरान शक्ति केंद्र प्रभारी शरद पांडेय बूथ अध्यक्ष श्रीमती बिना देवड़ी सुनीता पांडेय जी,भरत लवेशाली जी,आशु पाठक सहित महामंत्री कमलेश रावत योगेश तिवारी गीता रावत दीपशिक्षा बिष्ट संदीप पांडेय आदि मौजूद रहे ।

## देघाट में चैत्राष्टमी मेले में रहेगी कार्यक्रमों की धूम

**मौलेखाल।** देघाट देवी मंदिर में 16 अप्रैल को चैत्राष्टमी मेले का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए बैठक का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष किशन सिंह मैठानी ने कहा कि मंदिर में भव्य मेला लगेगा। कलाकार यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

भजन संध्या का भी आयोजन होगा। बताया कि क्षेत्र के ग्रामीण ढोल-नगाड़ों और माता के डोले के साथ मंदिर पहुंचेंगे। पुलिस-प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था के लिए मदद ली जाएगी। बैठक में सुरेंद्र गोयल, विरेंद्र रावत, नारायण बंगारी, अशोक तिवाड़ी, पूरन रजबार, अशोक अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# उद्यमिता के तहत स्टार्टअप प्रारंभ करने की प्रक्रिया की जानकारी दी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय की भीमताल परिसर में छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का पांचवा दिन भी जारी है जिसमें सतधन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक स्टार्टअप के सह संस्थापक और निदेशक डा. रितिक दुबे ने उद्यमिता के तहत स्टार्टअप प्रारंभ करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डा. दुबे द्वारा एमएसएमई के संबंध में भारत सरकार की योजनाओं एवं इस हेतु सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही ट्रेडमार्क बनाने हेतु तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। दिवस के द्वितीय सत्र में विनग्योर सनराइज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से संबद्ध उद्यमी रिंकी गीता प्रकाश ने एक उद्यमी के तौर पर स्टार्टअप प्रारंभ करने हेतु प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी प्रो. कुमुद उपाध्याय ने बताया कि उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को चौथे दिवस में मुक्तेश्वर स्थित आरोही संस्था के स्टार्टअप का स्थलीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमें खुबानी सहित अन्य उत्पादों पर आधारित स्टार्टअप की जानकारी दी गई साथ ही मुक्तेश्वर में नेहा साह द्वारा संचालित स्टार्टअप की भी जानकारी प्रतिभागियों को दी गई ।कार्यक्रम में विबग्योर सनराइज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक महेश चंद्र पनेरू, प्रबंधक सीमा बिष्ट तथा परिसर से कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आशीष बिष्ट व राकेश तिवारी सहित 48 प्रतिभागी शामिल हुए।



# नेशनल एडवाइजरी कमेटी की बैठक में नए कोर्सों की जानकारी दी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय स्थित यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र की नेशनल एडवाइजरी कमेटी की बैठक सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्र की तरफ से शुरू किए जाने वाले नए कोर्सों की जानकारी दी गई।

बैठक में कुलपति प्रो. रावत ने यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र को सेंटर आफ एक्सीलेंस बनाने के लिए इंफ्र इस्ट्रक्चर व ट्रेनिंग और टीचिंग प्रोसेस के एकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने नई शिक्षा नीति पर आयोकित किये जाने वाले ओरिएंटेशन एवं सेंसेटाईजेशन प्रोग्राम में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने के लक्ष्य पर जोर दिया साथ ही प्रशिक्षण केन्द्र की निदेशक को शेड्यूल को प्रसारित करने के लिए आईटी के अधिक से अधिक प्रयोग पर जोर दिया। यूजीसी.मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र की निदेशक प्रो. दिव्या उपाध्याय ने प्रशिक्षण केन्द्र के कार्य और योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. देव स्वरूप, यूजीसी प्रतिनिधि प्रो. संजीत कुमार मिश्रा, आईआईटी रुडकी के प्रो. शेखर रंजन, यूजीसी.मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. आनन्द शर्मा, यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. संतोष कुमार, निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड प्रो. सी0डी0 सूंठा, डीन एकेडेमिक्स कुमाऊँ विश्वविद्यालय प्रो. संतोष कुमार, कुलसचिव कुमाऊं विश्वविद्यालय दिनेश चन्द्रा, उप कुलसचिव दुर्गेश डिमरी तथा सहायक निदेशक डॉ. रीतेश साह उपस्थित रहे।

